केवल शासकीय उपयोग हेतु

स्थानीय निकायों के निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण अधिनियम

1. छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964
2. छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985
3. छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर
वर्ष 2014

अनुक्रमणिका

क्र.	अधिनियम	पृष्ठ क्रमांक
1.	(अ) छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964	1
	(ब) The Chhattisgarh Local Authorities (Electoral Offences) Act. 1964	16
2.	(अ) छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985	31
	(ब) The Chhattisgarh Kolahal Niyantran Adhiniyam, 1985	39
3.	(अ) सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994	48
	(ब) The Chhattisgarh Sampatti Virupan Nivaran Adhiniyam,1994	50

छत्तीसगढ़ अधिनियम
क्रमांक 13 सन् 1964

छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964

विषय–सूची

धाराएं:

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ.
2. परिभाषाएं
3. निर्वाचन के दिन तथा उसके एक दिन पूर्व सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध.
4. निर्वाचन सभाओं में विघ्न.
5. निर्वाचनों में पदाधिकारी आदि उम्मीदवारों के लिये कार्य नहीं करेंगे और न मतदान पर प्रभाव डालेंगे.
6. मतदान केन्द्रों में या उनके आस–पास मत याचना करने का प्रतिषेध.
7. मतदान केन्द्रों में या उनके आस–पास विश्रृंखल आचरण के लिये शास्ति.
8. मतदान केन्द्र में अवसर के लिये शास्ति.
9. निर्वाचनों में अवैध रूप से वाहनों को भाड़े पर लेने या प्राप्त करने के लिये शास्ति.
10. मतदान केन्द्र से मतपत्र हटाना अपराध होगा.
11. अन्य अपराध और उनके लिये शास्तियां.
12. कतिपय अपराधों के सम्बन्ध में अभियोजन.
13. निर्वाचनों के सम्बन्ध में शासकीय कर्तव्य का भंग.
14. मतदान की गोपनीयता बनाये रखना.
15. निरसन.

छत्तीसगढ़ अधिनियम
(क्रमांक 13, सन् 1964)
छ.ग. स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964
(इस अधिनियम का अनुकूलन छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा कर लिया गया हैं)

[दिनांक 27 मई, सन् 1964 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हुई; अनुमति ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' (असाधारण), में दिनांक 12 जून, सन् 1964 को प्रथम बार प्रकाशित की गई]

छत्तीसगढ़ के नगरपालिक निगमों, नगरपालिका परिषदों, [नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा जिला पंचायतों] के निर्वाचनों में या निर्वाचनों के सम्बन्ध में होने वाले निर्वाचन–अपराधों के लिये उपबन्ध करने के हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के पन्द्रहवें वर्ष में मध्यप्रदेश विधान मण्डल द्वारा इसे निम्नलिखित रूप में अधिनियमित किया जाय।

1. संक्षिप्त नाम, तथा प्रारम्भ.–(1) यह अधिनियम छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 कहलायेगा।

(2) इसका विस्तार क्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ होगा।

(3) यह ऐसे दिनांक को प्रवृत्त होगा जिसे राज्य शासन, अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

2. परिभाषाएं.:–इस अधिनियम में, जब तक कि प्रसंग से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(1) ''निर्वाचन'' से तात्पर्य–(क) किसी नगरपालिका निगम की दशा में छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956), के अधीन पार्षद् के पद की पूर्ति के निर्वाचन से है;

(ख) किसी नगरपालिका परिषद् [या नगर पंचायत] की दशा में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961), के अधीन परिषद् के पार्षद् के पद की पूर्ति के लिये निर्वाचन से है;

(ग) किसी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत की दशा में, छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) के अधीन क्रमशः किसी ग्राम पंचायत के पंच और सरपंच किसी जनपद पंचायत के किसी सदस्य और किसी जिला पंचायत के किसी सदस्य के पद को भरने के लिए निर्वाचन;

(2) स्थानीय प्राधिकारी से अभिप्रेत है यथास्थिति छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) के अधीन गठित कोई नगरपालिक निगम, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961) के अधीन गठित कोई नगरपालिका परिषद् या कोई नगर पंचायत या छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) के अधीन गठित कोई ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत;

(3) ''स्थानीय प्राधिकरण का प्रमुख पदाधिकारी'' से तात्पर्य–

(क) नगरपालिक निगम की दशा में छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) की धारा 5 की उपधारा (11) में परिभाषित आयुक्त से है;

(ख) नगरपालिका परिषद् या नगर पंचायत की दशा में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961) की धारा 3 की उपधारा (5) में यथा परिभाषित मुख्य नगरपालिका अधिकारी;

(ग) ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत की दशा में, छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 69 की उपधारा (1), (2) तथा (3) के अधीन नियुक्त किया गया क्रमशः सचिव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी या सचिव उक्त धारा की उपधारा (4) के अधीन ऐसे पदों के कर्तव्यों का पालन करने वाला व्यक्ति,

(4) "निर्वाचन पदाधिकारी" से तात्पर्य–

(क) किसी नगरपालिक निगम के पार्षद के स्थान के लिये निर्वाचन की दशा में, छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23, सन् 1956) के अधीन उस रूप में नियुक्त किसी पदाधिकारी से है;

(ख) किसी नगरपालिका परिषद या नगर पंचायत के पार्षद् के स्थान के लिये निर्वाचन की दशा में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्रमांक 37, सन् 1961) के अधीन उस रूप में नियुक्त किसी पदाधिकारी से है;

(ग) किसी ग्राम पंचायत के पंच या सरपंच के स्थान के या किसी जनपद पंचायत या जिला पंचायत के सदस्य के स्थान के निर्वाचन की दशा में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 (क्रमांक 1, सन् 1994) के अधीन उस रूप में नियुक्त किया गया कोई अधिकारी।

3. निर्वाचन के दिन तथा उसके एक दिन पूर्व सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध.–(1) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र में उस दिनांक या उन दिनांकों को जिसको या जिनको कि उस निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिये मतदान किया जाय, या उक्त दिनांक या दिनांको के एक दिन पूर्व कोई सार्वजनिक सभा न बुलायेगा, न करेगा और न उसमें उपस्थित होगा।

(2) कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) के उपबन्धों का उल्लंघन करेगा, ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा जो दो सौ पचास रूपये तक हो सकता है।

4. निर्वाचन सभाओं में विघ्न.–(1) कोई भी व्यक्ति जो किसी ऐसी सार्वजनिक सभा में, निर्वाचन से संबंधित उस कार्य के, जिसके लिये वह सभा एकत्रित की गई हो सम्पादन को रोकने के प्रयोजन से विश्रृंखल रीति में कार्य

करेगा या वैसा करने के लिये दूसरों को उद्दीप्त करेगा, ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा दो सौ पचास रूपये तक हो सकता है।

(2) .....लुप्त.....

(3) यदि कोई पुलिस पदाधिकारी किसी व्यक्ति पर उपधारा (1) के अधीन अपराध करने का युक्तियुक्त रूप से सन्देह करता हो, तो वह उस सभा के सभापति द्वारा वैसा करने के लिये उससे प्रार्थना की जाने पर, उस व्यक्ति से अपेक्षा कर सकेगा कि वह व्यक्ति अपना नाम और पता उसे तुरन्त बताये और यदि वह व्यक्ति अपना नाम और पता इस प्रकार बतलाने से इन्कार करे अथवा न बतलावे या यदि पुलिस पदाधिकारी उस व्यक्ति पर गलत नाम या पता बतलाने का युक्तियुक्त रूप से सन्देह करे, तो पुलिस पदाधिकारी उसे अधिपत्र के बिना गिरफ्तार कर सकेगा।

5. निर्वाचनों में पदाधिकारी आदि उम्मीदवारों के लिये कार्य नहीं करेंगे और न मतदान पर प्रभाव डालेंगे.—(1) कोई भी व्यक्ति जो किसी निर्वाचन में निर्वाचन पदाधिकारी या पीठासीन अधिकारी (प्रिसाइडिंग आफिसर) या मतदान पदाधिकारी हो, या कलेक्टर या किसी स्थानीय प्राधिकरण के प्रमुख पदाधिकारी या निर्वाचन पदाधिकारी या पीठासीन या मतदान पदाधिकारी द्वारा किसी निर्वाचन के सम्बन्ध में किसी कर्तव्य का पालन करने के लिये नियुक्त कोई पदाधिकारी या लिपिक हो, निर्वाचन के संचालन या प्रबन्ध में, किसी उम्मीदवार के निर्वाचन की प्रत्याशा में वृद्धि करने के लिये (मत देने के अतिरिक्त) कोई कार्य नहीं करेगा।

(2) पूर्वोक्त जैसा कोई भी व्यक्ति तथा पुलिस बल का कोई भी सदस्य—

(क) किसी भी व्यक्ति को निर्वाचन में अपना मत देने के लिये फुसलाने का; या

(ख) किसी भी व्यक्ति को निर्वाचन में अपना मत देने से प्रतिनिवृत्त करने का; या

(ग) निर्वाचन में किसी व्यक्ति के मतदान पर किसी प्रकार से प्रभाव डालने का प्रयत्न नहीं करेगा।

(3) कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबन्धों का उल्लंघन करेगा, ऐसे कारावास से जो छः मास तक हो सकता है या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

6.मतदान केन्द्रों में या उनके आसपास मतयाचना करने का प्रतिषेध.– (1) कोई भी व्यक्ति उस दिनांक या दिनांकों को जिसको या जिनको किसी मतदान केन्द्र में मतदान केन्द्र के भीतर या मतदान केन्द्र से सौ मीटर की दूरी के भीतर के किसी मार्ग, सड़क, गली, या खुले स्थान में निम्नलिखित कार्यों में से कोई भी कार्य नहीं करेगा, अर्थात्.–

(क) किसी मतदाता के मतों के लिये याचना करना (केन्वासिंग); या

(ख) किसी मतदाता के मत को प्रयाचना (सालिसिट) करना; या

(ग) किसी विशेष उम्मीदवार को मत न देने के लिये किसी मतदाता को फुसलाना; या

(घ) निर्वाचन में मत न देने के लिये किसी मतदाता को फुसलाना; या

(ड) निर्वाचन से संबंधित (शासकीय सूचना के अतिरिक्त) किसी अन्य सूचना या चिन्ह का प्रदर्शन करना.

(2) कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) के उपबन्धों का उल्लंघन करेगा ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा जो दो सौ पचास रूपये तक हो सकता है।

(3) इस धारा के अधीन दण्डनीय अपराध प्रसंज्ञेय (काग्निजेबल) होगा।

7. मतदान केन्द्रों में या उसके आसपास विश्रृंखल आचरण के लिये शास्ति.–(1) कोई भी व्यक्ति उस दिनांक या उन दिनांको को, जिसको या जिनको किसी मतदान केन्द्र में मतदान किया जाय,–

(क) मतदान केन्द्र के भीतर या उसके प्रवेश द्वारा पर या उसके पड़ोस के किसी सार्वजनिक या निजी स्थान में मानव ध्वनि का विस्तारण या पुनरूत्पादन करनेवाला कोई उपकरण जैसा कि ध्वनिक्षेपक (मेगाफोन) या ध्वनिविस्तारक (लाउडस्पीकर), न तो उपयोग में लायेगा और न चलायेगा; या

(ख) मतदान केन्द्र के भीतर या उसके प्रवेश द्वार पर या उसके पड़ोस के किसी सार्वजनिक या निजी स्थान में न तो चिल्लायेगा और न विश्रृंखल रीति में अन्यथा कार्य करेगा।

कि जिससे मत देने के लिये मतदान केन्द्र में जाने वाले किसी व्यक्ति को क्षोभ हो या मतदान केन्द्र के कर्तव्यारूढ़ पदाधिकारियों तथा अन्य व्यक्तियों के कार्यों में बाधा हो।

(2) कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा या उल्लंघन में जानबूझकर सहायता या अभिप्रेरण करेगा, ऐसे कारावास से जो तीन मास तक हो सकता है, या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

(3) यदि किसी मतदान केन्द्र के मतदान अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन, दण्डनीय कोई अपराध कर रहा है, या कर चुका है, तो वह ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिये किसी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दे सकेगा और ऐसे होने पर पुलिस पदाधिकारी उसे गिरफ्तार कर लेगा।

(4) कोई भी पुलिस पदाधिकारी ऐसे उपाय कर सकेगा और ऐसा बल प्रयोग कर सकेगा जैसा कि उपधारा (1) के उपबंधों के किसी उल्लंघन को रोकने के लिये युक्तियुक्त रूप से आवश्यक हो और ऐसे उल्लंघन के लिये उपयोग में लाये गये किसी उपकरण का अभिग्रहण कर सकेगा।

8. मतदान केन्द्र में अवचार के लिये शास्ति.—(1) कोई भी व्यक्ति, जो किसी मतदान केन्द्र में मतदान के लिये निश्चित किये गये घण्टों में अवचार करेगा या मतदान पदाधिकारी के विधिसंगत निर्देशों का पालन नहीं करेगा, मतदान पदाधिकारी द्वारा या किसी कर्तव्यारूढ़ पुलिस

पदाधिकारी द्वारा या ऐसे मतदान पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र से हटाया जा सकेगा।

(2) उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग इस प्रकार नहीं किया जायेगा कि जिससे ऐसे मतदाता को, जिसे मतदान केन्द्र में मत देने के लिये अन्यथा हक है, उस केन्द्र में मत देने का अवसर मिलने में बाधा हो,

(3) यदि कोई भी व्यक्ति जो मतदान केन्द्र से इस प्रकार हटाया गया हो, मतदान पदाधिकारी की अनुज्ञा के बिना मतदान केन्द्र में पुनः प्रवेश करे, तो वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास तक हो सकती है या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

(4) उपधारा (3) के अधीन दण्डनीय अपराध प्रसंज्ञेय (काग्निजेबल) होगा।

9. निर्वाचनों में अवैध रूप से वाहनों को भाड़े पर लेने या प्राप्त करने के लिये शास्ति.–(1) कोई भी उम्मीदवार या उसका अभिकर्ता या कोई भी अन्य व्यक्ति निर्वाचन के लिये आयोजित किसी मतदान केन्द्र तक या से (स्वयं उम्मीदवार, उसके परिवार के सदस्य या उसके अभिकर्ता के अतिरिक्त अन्य) किसी निर्वाचक को ले जाने के लिये कोई गाड़ी या जलयान न तो भाड़े पर लेगा न भुगतान पर अथवा अन्यथा प्राप्त करेगाः

परन्तु इस धारा में अनर्विष्ट प्रतिषेध निम्नलिखित को लागू नहीं होगाः–

(क) किसी निर्वाचक या अपने संयुक्त खर्चे से अनेक निर्वाचको द्वारा, अपने को किसी भी ऐसे मतदान केन्द्र तक या से ले जाने के प्रयोजन के लिये गाड़ी या जलयान का भाड़े पर लिया जाना यदि इस प्रकार भाड़े पर ली गई गाड़ी या जलयान ऐसी गाड़ी या जलयान हो जो यांत्रिक शक्ति से चालित न हो; या

(ख) किसी ऐसे मतदान केन्द्र तक जाने या वहां से आने के प्रयोजन के लिये स्वयं खर्चे से किसी निर्वाचक द्वारा

किसी लोक परिवहन गाड़ी या जलयान या रेलगाड़ी का उपयोग।

व्याख्या.—इस खण्ड में अभिव्यक्ति ''गाड़ी'' से तात्पर्य किसी भी ऐसी गाड़ी से है जो सड़क परिवहन के प्रयोजन के लिये उपयोग में लाई जाय या उपयोग में लाई जाने योग्य हो, चाहे वह यांत्रिक शक्ति द्वारा अन्यथा चालित हो और चाहे वह अन्य गाड़ियों को खींचने के लिये अन्यथा उपयोग में लाई जाती हो।

(2) कोई भी व्यक्ति, जो उपधारा (1) का उल्लंघन करेगा, जुर्माने से दण्डनीय होगा; जो दो सौ पचास रूपये तक हो सकता है।

10. मतदान केन्द्र से मतपत्र हटाना अपराध होगा.— (1) कोई भी व्यक्ति जो किसी निर्वाचन में किसी मतदान केन्द्र से कपट पूर्वक कोई मतपत्र ले जायेगा ले जाने की चेष्टा करेगा या किसी ऐसे कार्य के किये जाने में जानबूझकर सहायता या अभिप्रेरण करेगा, कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक हो सकती है, या जुर्माने से, जो पांच सौ रूपये तक हो सकता है या दोनों से, दण्डनीय होगा।

(2) यदि किसी मतदान केन्द्र के मतदान पदाधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन दण्डनीय कोई अपराध कर रहा है, या कर चुका है तो ऐसा पदाधिकारी मतदान केन्द्र से ऐसे व्यक्ति के चले जाने के पूर्व ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकेगा या ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिये किसी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दे सकेगा और ऐसे व्यक्ति की तलाशी ले सकेगा या किसी पुलिस पदाधिकारी द्वारा उसकी तलाशी करा सकेगाः

परन्तु जब किसी स्त्री की तलाशी कराना आवश्यक हो, तो उसकी तलाशी किसी अन्य स्त्री द्वारा शिष्टता का पूर्ण ध्यान रखते हुए ली जायेगी।

(3) गिरफ्तार व्यक्ति की तलाशी लेने पर पाया गया कोई मतपत्र मतदान पदाधिकारी द्वारा पुलिस पदाधिकारी को सुरक्षित अभिरक्षा के लिये सौंप दिया जावेगा या जब तलाशी पुलिस पदाधिकारी द्वारा ली गई हो, तो वह ऐसे पदाधिकारी द्वारा सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जायेगा।

(4) उपधारा (1) के अधीन दण्डनीय प्रसंज्ञेय (काग्निजेबल) होगा।

11. अन्य अपराध और उनके लिये शास्तियां.–(1) कोई व्यक्ति निर्वाचन अपराध का दोषी होगा, यदि किसी निर्वाचन में वहः–

(क) किसी नाम–निर्देशन पत्र को कपटपूर्वक विरूपित करे या कपटपूर्वक नष्ट करे; या

(ख) निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन लगाई गई किसी सूची, सूचना या अन्य दस्तावेज को कपटपूर्वक विरूपित करे, नष्ट करे, या हटाये; या

(ग) सम्यक् प्राधिकार के बिना किसी व्यक्ति को कोई मतपत्र दे या; किसी व्यक्ति से कोई मतपत्र प्राप्त करे या कोई मतपत्र कब्जे में रखे हों; या

(घ) किसी मतपेटी में, ऐसे मतपत्र के अतिरिक्त जिसे कि वह उसमें डालने के लिये विधि द्वारा प्राधिकृत है, उन्य कोई वस्तु कपटपूर्वक डाले; या

(ङ) निर्वाचन के प्रयोजनों के लिये उस समय उपयोग में लाई जाने वाली किसी मतपेटी या मतपत्र को यथोचित प्राधिकार के बिना नष्ट करे, लेवे, खोले या उसमें अन्यथा हस्तक्षेप करे; या

(च) कपटपूर्वक या सम्यक् प्राधिकार के बिना, जैसी भी दशा हो, पूर्वोक्त कार्यो में से कोई कार्य करने की चेष्टा करे या किन्ही ऐसे कार्यों को किये जाने में जानबूझकर सहायता या अभिप्रेरण करे।

(2) इस धारा के अधीन निर्वाचन–अपराध का दोषी कोई भी व्यक्ति–

(क) यदि वह निर्वाचन पदाधिकारी या किसी मतदान केन्द्र का मतदान पदाधिकारी या निर्वाचन के संबंध में शासकीय कर्तव्य पर नियोजित कोई अन्य पदाधिकारी या लिपिक हो तो ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकती है या जुर्माने से या दोनों दंडनीय होगा;

(ख) यदि वह कोई अन्य व्यक्ति हो तो कारावास से जिसकी अवधि छः मास तक हो सकती है या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय होगा।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिये किसी व्यक्ति को शासकीय कर्तव्य पर समझा जायेगा यदि निर्वाचन के या उसके किसी भाग के, जिसमें मतों की गणना भी सम्मिलित है, संचालन में भाग लेना या ऐसे निर्वाचन के संबंध में उपयोग में लाये गये मतपत्रों तथा अन्य दस्तावेजों के लिये निर्वाचन के पश्चात उत्तरदायी रहना उसका कर्तव्य हो।

(4) उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन दंडनीय अपराध प्रसंज्ञेय (काग्निजेबल) होगा।

[12. **कतिपय अपराधों के संबंध में अभियोजनः–** (1) यदि स्थानीय प्राधिकरण के प्रमुख पदाधिकारी को यह विश्वास करने का कारण हो कि किसी निर्वाचन के संबंध में धारा 5 के अधीन या धारा 11 की उपधारा (2) के खंड (क) के अधीन दण्डनीय कोई अपराध किया गया है, तो ऐसे पदाधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह तत्काल उस बारे में रिपोर्ट उस कलेक्टर को भेजे जिसके कि स्थानीय क्षेत्राधिकार के भीतर वह स्थानीय प्राधिकरण स्थित हो।

(2) यदि ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने पर या अन्यथा कलेक्टर का समाधान हो जाय कि ऐसा अपराध, जिसको उपधारा (1) लागू होती है, उसके अधिकार–क्षेत्र के भीतर किया गया है, तो वह ऐसी जांच करवायेगा तथा ऐसे अभियोजन संस्थित करवायेगा जैसे कि मामले की परिस्थितियों के अनुसार उसे आवश्यक प्रतीत हो।

(3) कोई भी न्यायालय धारा 5 के अधीन या धारा 11 की उपधारा (2) के खण्ड (क) के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का तब तक प्रसज्ञान नहीं करेगा जब तक कि संबंधित कलेक्टर के आदेश द्वारा या उससे प्राप्त प्राधिकार के अधीन शिकायत न की गई हों।]

13. निर्वाचनों के संबंध में शासकीय कर्त्तव्य का भंग.–(1) यदि कोई व्यक्ति जिसको यह धारा लागू होती हो अपने शासकीय कर्तव्य का भंग करते हुए किसी कृत अथवा अकृत का, युक्तियुक्त कारण के बिना, दोषी हो, तो वह जुर्माने से, जो पांच सौ रूपये तक हो सकता है, दंडनीय होगा।

(2) पूर्वोक्त प्रकार के किसी कृत अथवा अकृत के संबंध में हानि पूर्ति के लिये ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध कोई भी वाद या अन्य वैधिक कार्यवाही सन्धार्य नहीं होगी।

(3) जिन व्यक्तियों को यह धारा लागू होती है निर्वाचन पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी (प्रिसाइडिंग आफीसर्स) मतदान पदाधिकारी और ऐसा कोई अन्य व्यक्ति जो नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने या उम्मीदवारी वापस लेने या निर्वाचन में मतों के अभिलेखन या उनकी गणना के संबंध में किसी कर्तव्य का पालन करने के लिये नियुक्त किया गया हो, और अभिव्यक्ति ''शासकीय कर्तव्य'' का अर्थ इस धारा के प्रयोजन के लिये तद्नुसार लगाया जायगा, किन्तु इसमें वे कर्तव्य सम्मिलित नहीं होंगे जो उस विधि के, जिसके अधीन निर्वाचन किया गया हो, द्वारा या अधीन के अतिरिक्त अन्यथा आरोपित किये गये हों।

14. मतदान की गोपनीयता बनाये रखना.–(1) प्रत्येक पदाधिकारी, लिपिक, अभिकर्ता या अन्य व्यक्ति, जो निर्वाचन में मतों के अभिलेखन या उनकी गणना के संबंध में किसी कर्त्तव्य का पालन करता हो,

मतदान की गोपनीयता को बनाये रखेगा तथा उसे बनाये रखने में सहायता देगा और किसी भी व्यक्ति को (किसी भी विधि के द्वारा या अधीन प्राधिकृत किसी प्रयोजन की स्थिति को छोड़कर) ऐसी कोई भी जानकारी संसूचित नहीं करेगा जिससे कि ऐसी गोपनीयता का अतिक्रमण होता हो।

(2) कोई भी व्यक्ति जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, ऐसे कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास तक हो सकती है, या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय होगा।

14–क–पुस्तिकाओं, पोस्टरों, आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन.– (1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हों, दोनों में से किसी दशा में मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को–

(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराएगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है; तथा

(ख) इस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराएगा जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है ऐसे अधिकारी को जो शासन विनिर्दिष्ट करे को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए–

(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत् जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जाएगा कि वह मुद्रण है, और ''मुद्रक'' पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जायेगा, तथा

(ख) ''निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर'' से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय स्थान और अन्य विशिष्टियों को केवल अख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता है।

(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि छः मास तक की हो सकेगी या जुर्मान से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

14–ख–निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता या गणन अभिकर्ता के रूप में कार्य करने वाले सरकारी सेवकों के लिए शास्ति.– यदि सरकार की सेवा में का कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन में अभ्यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता या मतदान अभिकर्ता या गणन अभिकर्ता के रूप में कार्य करेगा, तो वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो एक हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

14–ग–निर्वाचन के संबंध में वर्गों के बीच शत्रुता संप्रवर्तित करना. –जो कोई व्यक्ति इस अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (1) में परिभाषित निर्वाचन के संबंध में शत्रुता या घृणा की भावनाएं छत्तीसगढ़ में रहने वाले या कारबार, व्यापार वृत्ति आजीविका चलाने वाले भारत के नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, या भाषा के आधारों पर संप्रवर्तित करेगा या संप्रवर्तित करने का प्रयत्न करेगा, वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डनीय होगा।

14–घ–बूथ के बलात् ग्रहण का अपराध.–जो कोई बूथ के बलात् ग्रहण का अपराध करेगा वह, कारावास से जिसकी अवधि छः मास से कम की नहीं होगी किन्तु जो दो वर्ष तक की हो सकेगी, और जुर्माने से, दण्डनीय होगा और जहां ऐसा अपराध सरकार की सेवा में के किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है, वहां वह कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु तीन वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने से दण्डनीय होगा।

स्पष्टीकरण.–इस धारा के प्रयोजनों के लिए ''बूथ का बलात् ग्रहण'' के अंतर्गत अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित सभी या उसमें से कोई क्रियाकलाप है, अर्थात्:–

(क) किसी व्यक्ति या किन्ही व्यक्तियों द्वारा मतदान केन्द्र या मतदान के लिये नियत स्थान का अभिग्रहण करना, मतदान प्राधिकारियों से मतपत्रों या मतदान मशीनों को अभ्यर्पित कराना या ऐसा कोई अन्य कार्य करना जो निर्वाचनों के व्यवस्थित संचालन को प्रभावित करता है;

(ख) किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों द्वारा किसी मतदान के लिए नियत किसी स्थान को कब्जे में लेना और केवल उसके या उनके अपने समर्थकों को ही मत देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने देना और अन्यों को मतदान करने से निवारित करना;

(ग) किसी निर्वाचक को धमकी देना और उसे अपना मत देने के लिए मतदान केन्द्र या मतदान के लिए नियत स्थान पर जाने से निवारित करना;

(घ) किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों द्वारा मतगणना करने के स्थान का अभिग्रहण करना, मतगणना प्राधिकारियों

को मतपत्रों या मतदान मशीनों का अभ्यर्पित कराना और ऐसा कोई अन्य कार्य करना जो मतों की व्यस्थित गणना को प्रभावित करता है।

(ङ) सरकार की सेवा में के किसी व्यक्ति द्वारा किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन की संभाव्यताओं को अग्रसर करने के लिए पूर्वोक्त सभी या किसी क्रियाकलाप का किया जाना या किसी ऐसे क्रियाकलाप में सहायता करना या मौनानुमति देना।

*****

CHHATTISGARH ACT

(No. 13 OF 1964)

THE CHHATTISGARH LOCAL AUTHORITIES (ELECTORAL OFFENCES) ACT, 1964

[Received the assent of the Governor 0n the 27th May, 1964; assent first published in the "Madhya Pradesh Gazette" (Extra ordinary) on the 12th June, 1964]

An Act to provide for the electoral offences at or in connection with the elections to the Municipa1 Corporation, Municipal. Councils, Nagar Panchayats, Gram Panchayats, Janpad Panchayats and Zila Panchayats. in Chhattisgarh

Be it enacted by the Madhya Pradesh Legislature in the Fifteenth year of the Republic of India as follows :-

1. Short title, extent and commencement-(1) This Act may be called the Chhattisgarh Local Authorities (Electoral Offences) Act, 1964.

(2) It extends to the whole of Chhattisgarh.

(3) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification appoint.

2. Definitions.- In this Act, unless the context otherwise requires –

(1) "election" means –

(a) In the case of a Municipal Corporation an election to fill the office of a councillor under the Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956 (No. 23 of 1956);

(b) In the case of a Municipal Council or Nagar Pancahyat an election to fill the office of the councillor of the Council) under the Chhattisgarh Municipalities Act. 1961 (No. 37 of 1961);

(c) in the case of a Gram Panchayat, Janpad Panchayat and Zila Panchayat, an election to fill the offices of a Panch and Surpanch of a Gram Panchayat, a member of a Janpad Panchayat and a member of a Zila Panchayat respectively under the Chhattisgarh Panchayat Raj Adhiniya.. 1993, (No.1 of 1994);

(2) "Local Authority" means a Municipal Corporation constituted under the Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956 (No. 23 of 1956) a Municipal Council or a Nagar Panchayat constituted under the Chhattisgarh Municipalities Act, 1961 (No. 37 of 1961), or a Gram Panchayat, Janpad Panchayat or Zila Panchayat, Constituted under the Chhattisgarh Panchayat Raj Adhiniyam, 1993 (No.1 of 1994), as the case may be;

(3) "Principal Officer of a local authority" means

(a) in the case of a Municipal Corporation, the Commissioner as defined in sub-section (11) of Section 5 of the Chhattisgarh Municipal' Corporation Act -1956 (No. 23 of 1956);

(b) in the case of a Municipal Council or a Nagar Panchayat, the Chief Municipal Officer as defined in subsection (5) of Section 3 of the Chhattisgarh Municipalities Act, 1961 (No. 37 of 1961);

(c) in the case of a Gram Panchayat, Janpad Panchayat or a Zila Panchayat, the Secretary, the Chief Executive Officer or the secretary appointed respectively under sub-sections (I), (2) and (3) of Section 69 of the Chhattisgarh Panchayat Raj Adhiniyam, 1993 (No.1 of 1994), or the person performing the duties of such posts under sub-section (4) of the said Section;

(4) Returning Officer means

(a) in the case of an election to a seat of a councillor of a Municipal Corporation, any officer appointed as such under the Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956(No. 23 of 1956);

(b) in the case of an election to a seat of councillor of a Municipal Council or [Nagar Panchayat] any officer appointed as such under the Chhattisgarh Municipalities Act, 1961 (No. 37 of 1961);

[(c) in the case of an election to a seat of a Panch or a Sarpanch of a Gram Panchayat or of a member of Janpad Panchayat or a Zila Panchayat, any officer appointed as such under the Chhattisgarh Panchayat Raj Adhiniyam, 1993 (No.1 of 1994).]

3. Prohibition of public meetings on and one day prior to election day.-(l) No person shall convene, hold or attend any public meeting within any constituency on and one day prior to the date or dates on which a poll is taken for an election in that constituency.

(2) Any person who contravenes the provisions of sub-section (1) shall be punishable with fine which may extend to two hundred and fifty rupees.

4. Disturbances at election meetings.- (1) Any person who at a public meeting [relating to an election] acts, or incites others to act. in a disorderly manner for the purpose of preventing the transaction of the business for which the meeting was called together, shall be punishable with fine which may extend to two hundred and fifty rupees.

(2) Omitted,

(3) If any police officer reasonably suspects any person of committing an Offence under sub-section (1), he may, if requested so to do by the chairman of the meeting, require that persons to declare to him immediately his name and address and if that person refuses or fails so to declare his name and address or if the police officer reasonably suspects him of giving a false name or address the police officer may arrest him without warrant.

5. Officers, etc., at elections not to act for candidates or to influence voting.-(l) No person who is a returning officer or a presiding or polling officer at an election or an officer or clerk . appointed by the Collector or the principal officer of a local authority or the Returning Officer or the presiding or the polling officer to perform any duty in connection with an election shall in the conduct or the management of the election do any act (other than the giving of vote) for the furtherance of the prospects of the election of a candidate.

(2) No such person as aforesaid, and no member of a police force, shall endeavour –

(a) to persuade any person to give his vote at an election; or

(b) to dissuade any person from giving his vote at an election; or

(c) to influence the voting of any person at an election in any manner.

(3) Any person who contravenes the provisions of sub-section (1) or sub-section (2) shall be punishable with imprisonment which may extend to six months or with fine or with both.

6. Prohibition of canvassing in or near polling stations.(1) No person shall, on the date or dates on which a poll is taken at any polling station, commit any of the following acts within the polling station or on any road, street, lane or open Space within a distance of hundred metres of the polling station, namely :-

(a) canvassing for votes; or

(b) soliciting the vote of any elector; or

(c) persuading any elector not to vote for any particular candidate; or

(d) persuading any elector not to vote at the election; or

(e) exhibiting any notice or sign (other than an official notice) relating to the election.

(2) Any person who contravenes the provisions of sub-section (1) shall be punishable with fine which may extend to two hundred and fifty rupees

(3) An offence punishable under this section shall be cognizable.

7. Penalty for disorderly conduct in or near polling stations.- (1) No person shall on the date or dates on which a poll is taken at any polling station,-

(a) use or operate within or at the entrance of the polling station, or in any public or private place in the neighbourhood thereof any. apparatus for amplifying or reproducing the human voice, such as a megaphone or a loud speaker, or

(b) shout or otherwise act in -a disorderly manner, within or at the entrance of the polling station or in any public or private place in the neighbourhood thereof;

so as to cause annoyance to any person visiting the polling station for the poll. or so as to interfere with the work of the officers and other persons on duty at the polling station.

(2) Any person who contravences, or wilfully aids or abets the contravention of. the provisions of sub-section (I) shall. punishable with imprisonment which may extend to three months or with fine or with both.

(3) If the polling officer of a polling station has reason believe that any person is committing or has committed an offence, punishable under this section, he may direct any police officer to arrest such person, and thereupon the police officer shall arrest' him.

(4) Any police officer may take such steps, and use such force as may be reasonably necessary for preventing any contravention of the provisions of sub-section (1), and may seize any apparatus used for such contravention.

8. Penalty for Misconduct at polling station.- (1)Any person who during the hours fixed for the poll at any polling station misconducts him self or fails to obey the lawful directions of polling officer may be removed from the polling station by the polling officer or by any police officer on duty or by any person authorised in this behalf by such polling officer.

(2) The powers conferred by sub-section (1) shall not exercised so as to prevent any elector who is otherwise entitled to vote at a polling station from having an opportunity of voting at that station.

(3) If any person who has been so removed from a polling station re-enters the polling station without the permission of the polling officer, he shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to three months or with fine or with both.

(4) An offence punishable under sub-section (3) shall be cognizable.

9. Penalty for illegal hiring or procuring of conveyances at elections.-(1) No candidate or his agent or any other person shall hire or procure whether on payment or otherwise any vehicle or vessel for the conveyance of any elector (other than the candidate himself, a member of his family or his agent) to or from any polling station provided for the election:

Provided that the prohibition contained in this section shall not apply to

(a) the hiring of a vehicle or vessel by an elector or by several electors at their joint costs for the purpose of conveying him or them to or from any such polling station if the vehicle or vessel so hired is a vehicle or vessel not propelled by mechanical power; or

(b) the use of any public transport vehicle or vessel or railway carriage by any elector at his own cost for the purpose of going to or comming from any such polling station.

Explanation.-*In* this clause, the expression "vehicle" means any vehicle used or capable of being used for the purose of road transport, whether propelled by mechanical power or otherwise, and Whether used for drawing other vehicles or otherwise.

(2) Any person who contravenes sub-section (1) shall be punishable with fine which may extend to two hundred and fifty rupees.

10. Removal of ballot papers from polling station to be offence.-(1) Any person who at any election fraudulently takes, or attempts to take, a ballot peper out of a polling station, or wilfully aids or obets the doing of any such act, shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to one year or with fine which may extend to five hundred rupees or with both.

(2) If the polling officer of a polling station has reason to believe that any person is committing or has committed an offence punishable under sub-section (1), such officer may, before such person leaves the polling station, arrest or direct a police officer to arrest such person and may search such person or cause him to be searched by a police officer:

Provided that when it is necessary to cause a woman to be searched, the search shall be made by another woman with strict regard to decency.

(3) Any ballot paper found upon the person arrested on search shall be made over for safe custody to a police officer by the polling officer, or when the search is made by a police officer, shall be kept by such officer in safe custody.

(4) An offence punishable under sub-section (1) shall be cognizable.

11. Other offences and penalties therefor (1) A person shall be guilty of an electoral offence if at any election he –

(a) fraudulently defaces or fraudulenty destroys any nomination paper, or

(b) fraudulently defaces, destroys or removes any list, notice or other document affiexed by or under the authority, of a Returning Officer or

(c) without due authority supplies any ballot paper to any person or receives any ballot paper from any person or is in possession of any ballot paper; or

(d) fraudulently puts into any ballot box anyting other than the ballot paper which he is authorised by law to put in; or

(e) without due authority destroys, takes, opens or otherwise interferes with any ballot box or ballot paper then in use for the purpose of the election; or

(f) fraudulently or without due authority, as the case may be, attempts to do any of the foregoing acts on wilfully aids or abets the doing of any such acts.

(2) Any person guilty of an electoral offence under Section shall –

(a) if he is a returning officer or a polling officer at a polling station or any other officer or clerk employed on official duty in connection with the election, be punishable with imprisonment for a term which may extend to two years or with fine or with both;

(b) if he is any other person, be punishable with imprisonment for a term which may extend to six months or with fine or with both.

(3) For the purposes of this section, a person shall be deemed to be on official duty if his duty is to take part in the conduct of an election or part of an election including the counting of votes or to be responsible after an election for the used ballot papers and other documents in connection with such election.

(4) An Offence punishable under clause (b) of sub-section (2) shall be congnizable.

12. Prosecution regarding certain offences.-(1) If the principal officer of a local authority has reasons to believe that any offence punishable under section 5 or under clause (a) of sub-section 11 has been committed in reference to any election, it shall be the duty of such officer to send a report in that behalf forthwith to the Collector within whose local jurisdiction the local autharity is situate..

